7.4 त्रिभुज का क्षेत्रफल 185

7.5 सारांश 190

**8. त्रिकोणमिति का परिचय 191**

8.1 भूमिका 191

8.2 त्रिकोणमितीय अनुपात 193

8.3 कुछ विशिष्ट कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात 201

8.4 पूरक कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात 207

8.5 त्रिकोणमितीय सर्वसमिकाएँ 210

8.6 सारांश 215

**9. त्रिकोणमिति के कुछ अनुप्रयोग 216**

9.1 भूमिका 216

9.2 ऊँचाइयाँ और दूरियाँ 217

9.3 सारांश 227

**10. वृत्त 228**

10.1 भूमिका 228

10.2 वृत्त की स्पर्श रेखा 229

10.3 एक बिंदु से एक वृत्त पर स्पर्श रेखाओं की संख्या 232

10.4 सारांश 237

**11. रचनाएँ 238**

11.1 भूमिका 238

11.2 रेखाखंड का विभाजन 238

11.3 किसी वृत्त पर स्पर्श रेखाओं की रचना 243

11.4 सारांश 244

**12. वृत्तों से संबंधित क्षेत्रफल 245**

12.1 भूमिका 245


© NCERT not to be republished

अतः सुनीता की वर्तमान आयु द्विघात समीकरण $x^2 - 9 = 0$ को संतुष्ट करती है।

हम इसे $x^2 = 9$ के रूप में लिख सकते हैं। वर्गमूल लेने पर, हम $x = 3$ या $x = -3$ पाते हैं। क्योंकि आयु एक धनात्मक संख्या होती है, इसलिए $x = 3$ ही होगा।

अतः सुनीता की वर्तमान आयु 3 वर्ष है।

अब द्विघात समीकरण $(x + 2)^2 - 9 = 0$ पर विचार कीजिए। हल करने के लिए, इसे हम $(x + 2)^2 = 9$ के रूप में लिख सकते हैं। वर्गमूल लेने पर, हम $x + 2 = 3$ या $x + 2 = -3$ पाते हैं।


इसलिए $\quad x = 1 \quad$ या $\quad x = -5$

अतः $(x + 2)^2 - 9 = 0$ के मूल 1 और – 5 हैं।

उपर्युक्त दोनों उदाहरणों में, $x$ को समाहित करने वाला पद पूर्णतया वर्ग के अंदर है और हमने वर्गमूल लेकर आसानी से मूल ज्ञात कर लिए थे। परंतु यदि हमें समीकरण $x^2 + 4x - 5 = 0$ को हल करने को कहा जाता, तो क्या होता? हम संभवतः इसे करने के लिए गुणनखंड विधि का प्रयोग करते, जब तक कि हम यह न जान लें (किसी प्रकार) कि $x^2 + 4x - 5 = (x + 2)^2 - 9$ है।

अतः $x^2 + 4x - 5 = 0$ को हल करना $(x + 2)^2 - 9 = 0$ को हल करने के तुल्य है, जो हमने देखा कि बहुत शीघ्र ही हल हो जाता है। वास्तव में, हम किसी भी द्विघात समीकरण को $(x + a)^2 - b^2 = 0$ की तरह बना सकते हैं और फिर हम इसके मूल आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आइए देखें कि क्या यह संभव है। आकृति 4.2 देखिए।

इस आकृति में, हम देख सकते हैं कि कैसे $x^2 + 4x$, $(x + 2)^2 - 4$ में बदल रहा है।




**आकृति 4.2**

अतः $9x^2 - 15x + 6 = 0$ को निम्न रूप में लिखा जा सकता है:

$$\left(3x - \frac{5}{2}\right)^2 - \frac{1}{4} = 0$$

अर्थात् $$\left(3x - \frac{5}{2}\right)^2 = \frac{1}{4}$$

अतः $9x^2 - 15x + 6 = 0$ के वही हल हैं, जो $\left(3x - \frac{5}{2}\right)^2 = \frac{1}{4}$ के हैं।

अर्थात् $$3x - \frac{5}{2} = \frac{1}{2} \text{ या } 3x - \frac{5}{2} = -\frac{1}{2}$$

(हम इसे $3x - \frac{5}{2} = \pm\frac{1}{2}$, जहाँ '±' धन और ऋण को निरूपित करते हैं, भी लिख सकते हैं।)

अतः $$3x = \frac{5}{2} + \frac{1}{2} \text{ या } 3x = \frac{5}{2} - \frac{1}{2}$$

अतः $$x = \frac{5}{6} + \frac{1}{6} \text{ या } x = \frac{5}{6} - \frac{1}{6}$$

इसलिए $$x = 1 \text{ या } x = \frac{4}{6}$$

अर्थात् $$x = 1 \text{ या } x = \frac{2}{3}$$

इसलिए दिए गए समीकरण के मूल 1 और $\frac{2}{3}$ हैं।

**टिप्पणी :** इसको दर्शाने की एक दूसरी विधि निम्न है :

समीकरण $$3x^2 - 5x + 2 = 0$$

वही है जो $x^2 - \frac{5}{3}x + \frac{2}{3} = 0$ है।

अब $$x^2 - \frac{5}{3}x + \frac{2}{3} = \left\{x - \frac{1}{2}\left(\frac{5}{3}\right)\right\}^2 - \left\{\frac{1}{2}\left(\frac{5}{3}\right)\right\}^2 + \frac{2}{3}$$

$$= \left(x-\frac{5}{6}\right)^2 + \frac{2}{3} - \frac{25}{36}$$

$$= \left(x-\frac{5}{6}\right)^2 - \frac{1}{36} = \left(x-\frac{5}{6}\right)^2 - \left(\frac{1}{6}\right)^2$$

इसलिए $3x^2 - 5x + 2 = 0$ का वही हल है, जो $\left(x-\frac{5}{6}\right)^2 - \left(\frac{1}{6}\right)^2 = 0$ का हल है।

अर्थात् $x - \frac{5}{6} = \pm \frac{1}{6}$, अर्थात् $x = \frac{5}{6} + \frac{1}{6} = 1$ और $x = \frac{5}{6} - \frac{1}{6} = \frac{2}{3}$ है।

उपर्युक्त विधि को समझाने के लिए आइए कुछ और उदाहरण लेते हैं।

**उदाहरण 7 :** उदाहरण 3 में दिया गया समीकरण पूर्ण वर्ग बनाने की विधि से हल कीजिए।

**हल :** समीकरण $2x^2 - 5x + 3 = 0$ वही है, जो $x^2 - \frac{5}{2}x + \frac{3}{2} = 0$ है।

अब $$x^2 - \frac{5}{2}x + \frac{3}{2} = \left(x-\frac{5}{4}\right)^2 - \left(\frac{5}{4}\right)^2 + \frac{3}{2} = \left(x-\frac{5}{4}\right)^2 - \frac{1}{16}$$

इसलिए $2x^2 - 5x + 3 = 0$ को $\left(x-\frac{5}{4}\right)^2 - \frac{1}{16} = 0$ की तरह लिखा जा सकता है।

अतः समीकरण $2x^2 - 5x + 3 = 0$ के मूल वस्तुतः वही हैं, जो $\left(x-\frac{5}{4}\right)^2 - \frac{1}{16} = 0$ के मूल हैं।

अब $\left(x-\frac{5}{4}\right)^2 - \frac{1}{16} = 0$ वही है, जो $\left(x-\frac{5}{4}\right)^2 = \frac{1}{16}$ है।

इसलिए $$x - \frac{5}{4} = \pm\frac{1}{4}$$

अर्थात् $$x = \frac{5}{4} \pm \frac{1}{4}$$

अर्थात् $$x = \frac{5}{4} + \frac{1}{4} \text{ या } x = \frac{5}{4} - \frac{1}{4}$$

अर्थात् $$x = \frac{3}{2} \text{ या } x = 1$$

इसलिए समीकरण के हल $x = \frac{3}{2}$ और 1 हैं।

© NCERT not to be republished

आइए इन हलों की **जाँच** करें।

$2x^2 - 5x + 3 = 0$ में $x = \frac{3}{2}$ रखने पर, हम $2\left(\frac{3}{2}\right)^2 - 5\left(\frac{3}{2}\right) + 3 = 0$ पाते हैं, जो सही है। इसी प्रकार, आप जाँच कर सकते हैं कि $x = 1$ भी दिए गए समीकरण को संतुष्ट करता है।

उदाहरण 7 में, हमने समीकरण $2x^2 - 5x + 3 = 0$ को 2 से भाग देकर $x^2 - \frac{5}{2}x + \frac{3}{2} = 0$ प्राप्त किया जिससे प्रथम पद पूर्ण वर्ग बन गया और फिर वर्ग को पूरा किया। इसके स्थान पर, हम समस्त पदों को 2 से गुणा करके भी प्रथम पद को $4x^2 = (2x)^2$ बना सकते थे और तब पूर्ण वर्ग बना लेते।

इस विधि को अगले उदाहरण में समझाया गया है।

**उदाहरण 8 :** पूर्ण वर्ग बनाने की विधि से समीकरण $5x^2 - 6x - 2 = 0$ के मूल हल कीजिए।

**हल :** दिए हुए समीकरण को 5 से गुणा करने पर, हम पाते हैं:

$$25x^2 - 30x - 10 = 0$$

यह निम्न के तुल्य है:

$$(5x)^2 - 2 \times (5x) \times 3 + 3^2 - 3^2 - 10 = 0$$

अर्थात् $$(5x - 3)^2 - 9 - 10 = 0$$

अर्थात् $$(5x - 3)^2 - 19 = 0$$

अर्थात् $$(5x - 3)^2 = 19$$

अर्थात् $$5x - 3 = \pm\sqrt{19}$$

अर्थात् $$5x = 3 \pm \sqrt{19}$$

अतः $$x = \frac{3 \pm \sqrt{19}}{5}$$

इसलिए मूल $\frac{3+\sqrt{19}}{5}$ और $\frac{3-\sqrt{19}}{5}$ हैं।

सत्यापित कीजिए कि मूल $\frac{3+\sqrt{19}}{5}$ और $\frac{3-\sqrt{19}}{5}$ हैं।

© NCERT not to be republished

**उदाहरण 9 :** पूर्ण वर्ग बनाने की विधि से $4x^2 + 3x + 5 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

**हल :** ध्यान दीजिए $4x^2 + 3x + 5 = 0$ निम्न के तुल्य है:

$$(2x)^2 + 2 \times (2x) \times \frac{3}{4} + \left(\frac{3}{4}\right)^2 - \left(\frac{3}{4}\right)^2 + 5 = 0$$

अर्थात् $$\left(2x + \frac{3}{4}\right)^2 - \frac{9}{16} + 5 = 0$$

अर्थात् $$\left(2x + \frac{3}{4}\right)^2 + \frac{71}{16} = 0$$

अर्थात् $$\left(2x + \frac{3}{4}\right)^2 = \frac{-71}{6} < 0 \text{ है}$$

परंतु हम जानते हैं कि किसी भी $x$ के वास्तविक मान के लिए $\left(2x + \frac{3}{4}\right)^2$ ऋणात्मक नहीं हो सकता है (क्यों?)। इसलिए, $x$ का कोई वास्तविक मान दी हुई समीकरण को संतुष्ट नहीं कर सकता। अतः, दिए गए समीकरण के कोई वास्तविक मूल नहीं हैं।

अब तक आपने पूर्ण वर्ग बनाने की विधि वाले अनेक उदाहरण देखे हैं। अतः, आइए इस विधि को व्यापक रूप में दें।

द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ $(a \neq 0)$ पर विचार कीजिए। समस्त पदों को $a$ से भाग देने पर, हम पाते हैं: $$x^2 + \frac{b}{a}x + \frac{c}{a} = 0$$

इस समीकरण को हम इस प्रकार लिख सकते हैं:

$$\left(x + \frac{b}{2a}\right)^2 - \left(\frac{b}{2a}\right)^2 + \frac{c}{a} = 0$$

अर्थात् $$\left(x + \frac{b}{2a}\right)^2 - \frac{b^2 - 4ac}{4a^2} = 0$$

इसलिए दिए गए समीकरण के मूल वही हैं, जो

$$\left(x+\frac{b}{2a}\right)^2 - \frac{b^2-4ac}{4a^2} = 0, \text{ अर्थात् } \left(x+\frac{b}{2a}\right)^2 = \frac{b^2-4ac}{4a^2} \qquad (1)$$

के हैं। यदि $b^2 - 4ac \geq 0$ हो, तो (1) का वर्गमूल लेने पर, हम पाते हैं:

$$x+\frac{b}{2a} = \frac{\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}$$

इसलिए
$$x = \frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}$$

अतः, $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल $\frac{-b+\sqrt{b^2-4ac}}{2a}$ और $\frac{-b-\sqrt{b^2-4ac}}{2a}$ हैं, यदि $b^2 - 4ac \geq 0$ है। उस स्थिति में जब $b^2 - 4ac < 0$ है, तो समीकरण के वास्तविक मूल नहीं होते हैं। (क्यों?)

**अतः, यदि $b^2 - 4ac \geq 0$ है, तो द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल $\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}$ हैं।**

द्विघात समीकरण के मूल ज्ञात करने के इस सूत्र को **द्विघाती सूत्र (quadratic formula)** कहते हैं।

द्विघाती सूत्र के उपयोग के लिए आइए कुछ उदाहरणों पर विचार करें।

**उदाहरण 10 :** प्रश्नावली 4.1 के प्रश्न संख्या 2(i) को द्विघाती सूत्र से हल कीजिए।

**हल :** माना भूखंड की चौड़ाई $x$ मीटर है। तब, लंबाई $(2x + 1)$ मीटर है। हमें दिया है कि $x(2x + 1) = 528$, अर्थात् $2x^2 + x - 528 = 0$ है।

यह $ax^2 + bx + c = 0$ के प्रकार का है, जहाँ $a = 2, b = 1, c = -528$ है।

अतः द्विघाती सूत्र से, हमें निम्न हल मिलते हैं:

$$x = \frac{-1\pm\sqrt{1+4(2)(528)}}{4} = \frac{-1\pm\sqrt{4225}}{4} = \frac{-1\pm 65}{4}$$

अर्थात्
$$x = \frac{64}{4} \text{ या } x = \frac{-66}{4}$$

अर्थात्
$$x = 16 \text{ या } x = -\frac{33}{2}$$

क्योंकि $x$ एक विमा होने के कारण ऋणात्मक नहीं हो सकता है, इसलिए भूखंड की चौड़ाई 16m है और लंबाई 33m है।

आपको यह सत्यापित करना चाहिए कि ये मान समस्या के प्रतिबंधों को संतुष्ट करते हैं।

**उदाहरण 11 :** दो ऐसे क्रमागत विषम धनात्मक पूर्णांक ज्ञात कीजिए जिनके वर्गों का योग 290 हों।

**हल :** माना दोनों क्रमागत विषम धनात्मक पूर्णांकों में छोटा पूर्णांक $x$ है। तब, दूसरा पूर्णांक $x + 2$ होगा। प्रश्न के अनुसार,

$$x^2 + (x + 2)^2 = 290$$

अर्थात् $$x^2 + x^2 + 4x + 4 = 290$$

अर्थात् $$2x^2 + 4x - 286 = 0$$

अर्थात् $$x^2 + 2x - 143 = 0,$$

जो $x$ में एक द्विघात समीकरण है।

द्विघाती सूत्र का प्रयोग करके, हम पाते हैं:

$$x = \frac{-2 \pm \sqrt{4 + 572}}{2} = \frac{-2 \pm \sqrt{576}}{2} = \frac{-2 \pm 24}{2}$$

अर्थात् $$x = 11 \quad \text{या} \quad x = -13$$

परन्तु $x$ एक धनात्मक विषम पूर्णांक दिया है। अत:, $x = 11$ होगा, क्योंकि $x \neq -13$ है।

अत:, दोनों क्रमागत विषम धनात्मक पूर्णांक 11 और 13 हैं।

जाँच : $11^2 + 13^2 = 121 + 169 = 290$ है।

**उदाहरण 12 :** एक ऐसे आयताकार पार्क को बनाना है जिसकी चौड़ाई इसकी लंबाई से 3 m कम हो। इसका क्षेत्रफल पहले से निर्मित समद्विबाहु त्रिभुजाकार पार्क जिसका आधार आयताकार पार्क की चौड़ाई के बराबर तथा ऊँचाई 12 m है, से 4 वर्ग मीटर अधिक हो (देखिए आकृति 4.3)। इस आयताकार पार्क की लंबाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

**हल :** माना कि आयताकार पार्क की चौड़ाई $x$ m है।

इसलिए, इसकी लंबाई = $(x + 3)$ m होगी।

अत: आयताकार पार्क का क्षेत्रफल = $x(x + 3)\ \text{m}^2 = (x^2 + 3x)\ \text{m}^2$

अब समद्विबाहु त्रिभुज का आधार = $x$ m



© NCERT not to be republished

यहाँ $a = 3, b = -6, c = 2$ है। इसलिए $b^2 - 4ac = 36 - 24 = 12 > 0$ है।

अत: $$x = \frac{6 \pm \sqrt{12}}{6} = \frac{6 \pm 2\sqrt{3}}{6} = \frac{3 \pm \sqrt{3}}{3}$$

इसलिए, मूल $\frac{3+\sqrt{3}}{3}$ और $\frac{3-\sqrt{3}}{3}$ हैं।

**उदाहरण 15 :** एक मोटर बोट, जिसकी स्थिर जल में चाल 18 km/h है, 24 km धारा के प्रतिकूल जाने में, वही दूरी धारा के अनुकूल जाने की अपेक्षा 1 घंटा अधिक लेती है। धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

**हल :** माना कि धारा की चाल $x$ km/h है।

इसलिए, धारा के प्रतिकूल नाव की चाल = $(18 - x)$ km/h और धारा के अनुकूल नाव की चाल = $(18 + x)$ km/h है।

धारा के प्रतिकूल जाने में लिया गया समय = $\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{24}{18-x}$ घंटे

इसी प्रकार, धारा के अनुकूल जाने में लिया गया समय = $\frac{24}{18+x}$ घंटे

प्रश्नानुसार

$$\frac{24}{18-x} - \frac{24}{18+x} = 1$$

अर्थात् $$24(18 + x) - 24(18 - x) = (18 - x)(18 + x)$$

अर्थात् $$x^2 + 48x - 324 = 0$$

द्विघाती सूत्र का उपयोग करके, हम पाते हैं:


$$x = \frac{-48 \pm \sqrt{48^2 + 1296}}{2} = \frac{-48 \pm \sqrt{3600}}{2}$$

$$= \frac{-48 \pm 60}{2} = 6 \text{ या } -54$$

क्योंकि $x$ धारा की चाल है, इसलिए यह ऋणात्मक नहीं हो सकती है। अत:, हम मूल $x = -54$ को छोड़ देते हैं। इसलिए, $x = 6$ से हम प्राप्त करते हैं कि धारा की चाल 6 km/h है।

© NCERT not to be republished

**उदाहरण 5 :** आकृति 6.30 में $\angle P$ ज्ञात कीजिए।




**आकृति 6.30**

**हल :** $\Delta ABC$ और $\Delta PQR$ में,

$$\frac{AB}{RQ} = \frac{3.8}{7.6} = \frac{1}{2}, \ \frac{BC}{QP} = \frac{6}{12} = \frac{1}{2} \text{ और } \frac{CA}{PR} = \frac{3\sqrt{3}}{6\sqrt{3}} = \frac{1}{2}$$

अर्थात् $\quad \dfrac{AB}{RQ} = \dfrac{BC}{QP} = \dfrac{CA}{PR}$

इसलिए $\quad \Delta ABC \sim \Delta RQP \quad$ (SSS समरूपता)

इसलिए $\quad \angle C = \angle P \quad$ (समरूप त्रिभुजों के संगत कोण)

परंतु $\quad \angle C = 180° - \angle A - \angle B \quad$ (त्रिभुज का कोण योग गुणधर्म)


$\quad = 180° - 80° - 60° = 40°$

अत: $\quad \angle P = 40°$

**उदाहरण 6 :** आकृति 6.31 में,

$OA \,.\, OB = OC \,.\, OD$ है।

दर्शाइए कि $\quad \angle A = \angle C$ और $\angle B = \angle D$ है।




**आकृति 6.31**

**हल :** $\quad OA \,.\, OB = OC \,.\, OD \quad$ (दिया है)

अत: $\quad \dfrac{OA}{OC} = \dfrac{OD}{OB} \quad (1)$

साथ ही, हमें प्राप्त है: $\quad \angle AOD = \angle COB \quad$ (शीर्षाभिमुख कोण) $\quad (2)$

अत: (1) और (2) से $\quad \Delta AOD \sim \Delta COB \quad$ (SAS समरूपता कसौटी)

इसलिए $\quad \angle A = \angle C$ और $\angle D = \angle B \quad$ (समरूप त्रिभुजों के संगत कोण)

© NCERT not to be republished

**उपपत्ति :** हमें दो त्रिभुज ABC और PQR ऐसे दिए हैं कि $\Delta$ ABC ~ $\Delta$ PQR है (देखिए आकृति 6.42)।

हमें सिद्ध करना है कि $\frac{\text{ar (ABC)}}{\text{ar (PQR)}} = \left(\frac{\text{AB}}{\text{PQ}}\right)^2 = \left(\frac{\text{BC}}{\text{QR}}\right)^2 = \left(\frac{\text{CA}}{\text{RP}}\right)^2$

दोनों त्रिभुजों के क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए, हम इनके क्रमशः शीर्षलंब AM और PN खींचते हैं।

अब $\text{ar (ABC)} = \frac{1}{2}\,\text{BC} \times \text{AM}$

तथा $\text{ar (PQR)} = \frac{1}{2}\,\text{QR} \times \text{PN}$

अतः $\frac{\text{ar (ABC)}}{\text{ar (PQR)}} = \frac{\frac{1}{2} \times \text{BC} \times \text{AM}}{\frac{1}{2} \times \text{QR} \times \text{PN}} = \frac{\text{BC} \times \text{AM}}{\text{QR} \times \text{PN}}$ (1)

अब, $\Delta$ ABM और $\Delta$ PQN में,

$\angle \text{B} = \angle \text{Q}$ (क्योंकि $\Delta$ ABC ~ $\Delta$ PQR है)

और $\angle \text{M} = \angle \text{N}$ (प्रत्येक $90°$ का है)

अतः $\Delta$ ABM ~ $\Delta$ PQN (AA समरूपता कसौटी)

इसलिए $\frac{\text{AM}}{\text{PN}} = \frac{\text{AB}}{\text{PQ}}$ (2)

साथ ही $\Delta$ ABC ~ $\Delta$ PQR (दिया है)

इसलिए $\frac{\text{AB}}{\text{PQ}} = \frac{\text{BC}}{\text{QR}} = \frac{\text{CA}}{\text{RP}}$ (3)

अतः $\frac{\text{ar (ABC)}}{\text{ar (PQR)}} = \frac{\text{AB}}{\text{PQ}} \times \frac{\text{AM}}{\text{PN}}$ [(1) और (3) से]

$= \frac{\text{AB}}{\text{PQ}} \times \frac{\text{AB}}{\text{PQ}}$ [(2) से]

$= \left(\frac{\text{AB}}{\text{PQ}}\right)^2$

अब (3) का प्रयोग करके, हमें प्राप्त होता है


© NCERT not to be republished

अत: $\sin\theta = \dfrac{AC}{AB} = \dfrac{20}{29}, \cos\theta = \dfrac{BC}{AB} = \dfrac{21}{29}.$

अब, (i) $\cos^2\theta + \sin^2\theta = \left(\dfrac{20}{29}\right)^2 + \left(\dfrac{21}{29}\right)^2 = \dfrac{20^2 + 21^2}{29^2} = \dfrac{400 + 441}{841} = 1,$

और (ii) $\cos^2\theta - \sin^2\theta = \left(\dfrac{21}{29}\right)^2 - \left(\dfrac{20}{29}\right)^2 = \dfrac{(21 + 20)(21 - 20)}{29^2} = \dfrac{41}{841}$

**उदाहरण 4 :** एक समकोण त्रिभुज ABC में, जिसका कोण B समकोण है, यदि $\tan A = 1$ तो सत्यापित कीजिए कि $2 \sin A \cos A = 1$



आकृति 8.11

**हल :** $\Delta$ ABC में $\tan A = \dfrac{BC}{AB} = 1$ (देखिए आकृति 8.11)

अर्थात् $BC = AB$

मान लीजिए $AB = BC = k$, जहाँ $k$ एक धन संख्या है।


अब $AC = \sqrt{AB^2 + BC^2}$

$= \sqrt{(k)^2 + (k)^2} = k\sqrt{2}$

अत: $\sin A = \dfrac{BC}{AC} = \dfrac{1}{\sqrt{2}}$ और $\cos A = \dfrac{AB}{AC} = \dfrac{1}{\sqrt{2}}$

इसलिए $2 \sin A \cos A = 2\left(\dfrac{1}{\sqrt{2}}\right)\left(\dfrac{1}{\sqrt{2}}\right) = 1,$ जो कि अपेक्षित मान है।

**उदाहरण 5 :** $\Delta$ OPQ में, जिसका कोण P समकोण है, OP = 7 cm और OQ – PQ = 1 cm (देखिए आकृति 8.12), sin Q और cos Q के मान ज्ञात कीजिए।



आकृति 8.12

**हल :** $\Delta$ OPQ से हमें यह प्राप्त है कि

$$OQ^2 = OP^2 + PQ^2$$

अर्थात् $(1 + PQ)^2 = OP^2 + PQ^2$ (क्यों?)

अर्थात् $1 + PQ^2 + 2PQ = OP^2 + PQ^2$

अर्थात् $1 + 2PQ = 7^2$ (क्यों?)

© NCERT not to be republished

# रचनाएँ 11

## 11.1 भूमिका

कक्षा IX में, आपने एक पटरी तथा परकार का प्रयोग करके कुछ रचनाएँ की थी, जैसे किसी कोण को समद्विभाजित करना, किसी रेखाखंड का लंब समद्विभाजक खींचना, कुछ त्रिभुजों की रचनाएँ करना इत्यादि तथा उनका औचित्य भी दिया था। इस अध्याय में, हम पिछली रचनाओं के ज्ञान का उपयोग करते हुए, कुछ और रचनाओं का अध्ययन करेंगे। ये रचनाएँ क्यों हो जाती हैं, इनसे संबंधित कुछ गणितीय व्याख्या भी आपको देनी होगी।

## 11.2 रेखाखंड का विभाजन

मान लीजिए कि एक रेखाखंड दिया है और आपको उसे एक दिए गए अनुपात, माना 3 : 2 में विभाजित करना है। आप इसकी लंबाई माप कर तथा दिए गए अनुपात के अनुसार एक बिंदु चिह्नित कर सकते हैं। परंतु यदि आपके पास इसे सही-सही मापने की कोई विधि न हो, तो आप इस बिंदु को कैसे प्राप्त करेंगे? इस प्रकार के बिंदु को प्राप्त करने के लिए, हम निम्नलिखित दो विधियाँ दे रहे हैं:

**रचना 11.1 :** *एक रेखाखंड को दिए हुए अनुपात में विभाजित करना।*


एक रेखाखंड AB दिया है, हम इसको $m : n$ के अनुपात में विभाजित करना चाहते हैं। प्रक्रिया को समझने में सहायता करने के लिए, हम $m = 3$ और $n = 2$ लेंगे।

**रचना के चरण:**

1. AB से न्यूनकोण बनाती कोई किरण AX खींचिए।
2. AX पर 5 $(= m + n)$ बिंदु $A_1, A_2, A_3, A_4$ और $A_5$ इस प्रकार अंकित कीजिए कि $AA_1 = A_1A_2 = A_2A_3 = A_3A_4 = A_4A_5$ हो।
3. $BA_5$ को मिलाइए।

© NCERT not to be republished

4. बिंदु $A_3$ $(m = 3)$ से होकर जाने वाली $A_5B$ के समांतर एक रेखा ($A_3$ पर $\angle AA_5B$ के बराबर कोण बनाकर) AB को एक बिंदु C पर प्रतिच्छेद करती हुई खींचिए (देखिए आकृति 11.1)।
तब, AC : CB = 3 : 2 है।




आकृति 11.1


आइए देखें कि यह विधि कैसे हमें अभीष्ट विभाजन देती है।

क्योंकि $A_3C$, $A_5B$ के समांतर है,

अतः $$\frac{AA_3}{A_3A_5} = \frac{AC}{CB}$$ (आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय द्वारा)

रचना से, $\frac{AA_3}{A_3A_5} = \frac{3}{2}$ है। अतः $\frac{AC}{CB} = \frac{3}{2}$ है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि बिंदु C, AB को 3 : 2 अनुपात में विभाजित करता है।




आकृति 11.2

## वैकल्पिक विधि

### रचना के चरण :

1. AB से न्यूनकोण बनाती कोई किरण AX खींचिए।
2. $\angle BAX$ के बराबर $\angle ABY$ बनाकर AX के समांतर एक किरण BY खींचिए।
3. AX पर बिंदु $A_1$, $A_2$, $A_3$ $(m = 3)$ और BY पर बिंदु $B_1$, $B_2$ $(n = 2)$ इस प्रकार अंकित कीजिए कि $AA_1 = A_1A_2 = A_2A_3 = BB_1 = B_1B_2$ हो।
4. $A_3B_2$ को मिलाइए। माना यह AB को बिंदु C पर प्रतिच्छेद करती है (देखिए आकृति 11.2)।

तब, AC : CB = 3 : 2 है।

आइए देखें कि इस विधि से हमें अभीष्ट रचना किस प्रकार प्राप्त होता है?

यहाँ $\Delta AA_3C \sim \Delta BB_2C$ (क्यों?)

तब $$\frac{AA_3}{BB_2} = \frac{AC}{BC}$$

परंतु रचना द्वारा $\frac{AA_3}{BB_2} = \frac{3}{2}$ है। अत :, $\frac{AC}{BC} = \frac{3}{2}$

वास्तव में इन विधियों द्वारा दिये गये रेखाखंड को किसी भी अनुपात में विभाजित किया जा सकता है।

अब हम ऊपर दी गई रचना को एक दिए गए त्रिभुज के समरूप एक अन्य त्रिभुज की रचना करने में उपयोग करेंगे जिसकी भुजाओं और दिए गए त्रिभुज की संगत भुजाओं में एक अनुपात दिया हुआ हो।

**रचना 11.2 :** *एक दिए गए स्केल गुणक के अनुसार दिए गए त्रिभुज के समरूप एक त्रिभुज की रचना करना।*

इस रचना की दो स्थितियाँ हैं। एक में, जिस त्रिभुज की रचना करनी है, वह दिए गए त्रिभुज से छोटा हो तथा दूसरी में वह बड़ा हो। यहाँ **स्केल गुणक** का अर्थ रचना करने वाले त्रिभुज की भुजाओं तथा दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं के अनुपात से है। (अध्याय 6 भी देखिए)। इन रचनाओं को समझने के लिए आइए निम्न उदाहरण लें।

**यही विधि व्यापक स्थिति में भी लागू होगी।**


**उदाहरण 1 :** एक दिए गए त्रिभुज ABC के समरूप एक त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए गए त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{3}{4}$ हों (अर्थात् स्केल गुणक $\frac{3}{4}$ है)।

**हल :** एक त्रिभुज ABC दिया है। हमें एक अन्य त्रिभुज की रचना करनी है, जिसकी भुजाएँ त्रिभुज ABC की संगत भुजाओं की $\frac{3}{4}$ हों।

**रचना के चरण:**

1. BC से शीर्ष A की दूसरी ओर न्यूनकोण बनाती हुई एक किरण BX खींचिए।
2. BX पर 4 बिंदु ($\frac{3}{4}$ में 3 और 4 में से बड़ी संख्या) $B_1$, $B_2$, $B_3$ और $B_4$, इस प्रकार अंकित कीजिए कि $BB_1 = B_1B_2 = B_2B_3 = B_3B_4$ हो।
3. $B_4C$ मिलाइए और $B_3$ (तीसरे बिंदु, यहाँ $\frac{3}{4}$ में 3 और 4 में से 3 छोटी है) से होकर जाने वाली $B_4C$ के समांतर एक रेखा BC को C′ पर प्रतिच्छेद करती हुई खींचिए।
4. C′ से होकर जाने वाली CA के समांतर एक रेखा BA को A′ पर प्रतिच्छेद करती हुई खींचिए (देखिए आकृति 11.3)।

तब, Δ A′BC′ अभीष्ट त्रिभुज है।



आकृति 11.3

परंतु $\frac{BC}{BC'} = \frac{BB_3}{BB_5} = \frac{3}{5}$ है।

इसलिए $\frac{BC'}{BC} = \frac{5}{3}$ है और इसीलिए $\frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{5}{3}$ है।

**टिप्पणी :** उदाहरण 1 और 2 में आप AB अथवा AC से न्यूनकोण बनाती हुई किरण भी ले सकते थे और उसी प्रकार आगे बढ़ सकते थे।

## प्रश्नावली 11.1

निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

1. 7.6 cm लंबा एक रेखाखंड खींचिए और इसे 5 : 8 अनुपात में विभाजित कीजिए। दोनों भागों को मापिए।
2. 4 cm, 5 cm और 6 cm भुजाओं वाले एक त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर इसके समरूप एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{2}{3}$ गुनी हों।
3. 5 cm, 6 cm और 7 cm भुजाओं वाले एक त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिये हुऐ त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{7}{5}$ गुनी हों।
4. आधार 8 cm तथा ऊँचाई 4 cm के एक समद्विबाहु त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ इस समद्विबाहु त्रिभुज की संगत भुजाओं की $1\frac{1}{2}$ गुनी हों।
5. एक त्रिभुज ABC बनाइए जिसमें $BC = 6$ cm, $AB = 5$ cm और $\angle ABC = 60°$ हो। फिर एक त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ $\Delta ABC$ की संगत भुजाओं की $\frac{3}{4}$ गुनी हों।
6. एक त्रिभुज ABC बनाइए, जिसमें $BC = 7$ cm, $\angle B = 45°$, $\angle A = 105°$ हो। फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ $\Delta ABC$ की संगत भुजाओं की $\frac{4}{3}$ गुनी हों।
7. एक समकोण त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ (कर्ण के अतिरिक्त) 4 cm तथा 3 cm लंबाई की हों। फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{5}{3}$ गुनी हों।

© NCERT not to be republished

## 11.3 किसी वृत्त पर स्पर्श रेखाओं की रचना

आप पिछले अध्याय में पढ़ चुके हैं कि यदि कोई बिंदु वृत्त के अंदर स्थित है, तो इस बिंदु से जाने वाली वृत्त की कोई स्पर्श रेखा नहीं हो सकती है। परंतु यदि बिंदु वृत्त पर स्थित है, तो उस बिंदु पर वृत्त की एक और केवल एक स्पर्श रेखा होती है, जो उस बिंदु से जाने वाली त्रिज्या पर लंब होती है। अतः यदि आप वृत्त के किसी बिंदु पर स्पर्श रेखा खींचना चाहते हैं, तो केवल उस बिंदु से जाने वाली त्रिज्या खींचिए और उसी बिंदु पर इसकी लंब रेखा खींचिए। तब, यही अभीष्ट स्पर्श रेखा होगी।

आपने यह भी देखा है कि यदि बिंदु वृत्त के बाहर स्थित है, तो इस बिंदु से वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ होती हैं।

अब हम देखेंगे कि कैसे इन स्पर्श रेखाओं को खींचा जाता है।


**रचना 11.3 :** *एक वृत्त के बाहर स्थित एक बिंदु से उस पर स्पर्श रेखाओं की रचना करना।*

हमें एक वृत्त जिसका केंद्र O है तथा इसके बाहर एक बिंदु P दिए हुए हैं। हमें P से वृत्त पर दोनों स्पर्श रेखाएँ खींचनी हैं।

**रचना के चरण :**

1. PO को मिलाइए और इसे समद्विभाजित करिए। माना PO का मध्य बिंदु M है।
2. M को केंद्र मान कर तथा MO त्रिज्या लेकर एक वृत्त खींचिए। माना यह दिए गए वृत्त को Q और R पर प्रतिच्छेद करता है।
3. P को Q तथा R से मिलाइये।

तब, PQ और PR अभीष्ट दो स्पर्श रेखाएँ है। (देखिए आकृति 11.5)।




आकृति 11.5

आइए अब देखें कि इस रचना से हमें स्पर्श रेखाएँ किस प्रकार मिलती हैं। OQ को मिलाइए। तब, $\angle$ PQO अर्धवृत्त में बना एक कोण है और इसीलिए

$$\angle PQO = 90^\circ \text{ है।}$$

क्या हम कह सकते हैं कि PQ $\perp$ OQ है?

क्योंकि, OQ दिए वृत्त की त्रिज्या है, इसलिए PQ वृत्त की स्पर्श रेखा ही होगी। इसी प्रकार, PR भी वृत्त की स्पर्श रेखा है।

© NCERT not to be republished

**टिप्पणी :** यदि वृत्त का केंद्र नहीं दिया है, तो आप कोई दो असमांतर जीवाएँ लेकर तथा उनके लंब समद्विभाजकों के प्रतिच्छेद बिंदु के रूप में केंद्र ज्ञात कर सकते हैं। इसके बाद, आप उपर्युक्त रूप से आगे बढ़ सकते हैं।

## प्रश्नावली 11.2

निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

1. 6 cm त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए। केंद्र से 10 cm दूर स्थित एक बिंदु से वृत्त पर स्पर्श रेखा युग्म की रचना कीजिए और उनकी लंबाइयाँ मापिए।
2. 4 cm त्रिज्या के एक वृत्त पर 6 cm त्रिज्या के एक सकेंद्रीय वृत्त के किसी बिंदु से एक स्पर्श रेखा की रचना कीजिए और उसकी लंबाई मापिए। परिकलन से इस माप की जाँच भी कीजिए।
3. 3 cm त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए। इसके किसी बढ़ाए गए व्यास पर केंद्र से 7 cm की दूरी पर स्थित दो बिंदु P और Q लीजिए। इन दोनों बिंदुओं से वृत्त पर स्पर्श रेखाएँ खींचिए।
4. 5 cm त्रिज्या के एक वृत्त पर ऐसी दो स्पर्श रेखाएँ खींचिए, जो परस्पर $60^\circ$ के कोण पर झुकी हों।
5. 8 cm लंबा एक रेखाखंड AB खींचिए। A को केंद्र मान कर 4 cm त्रिज्या का एक वृत्त तथा B को केंद्र लेकर 3 cm त्रिज्या का एक अन्य वृत्त खींचिए। प्रत्येक वृत्त पर दूसरे वृत्त के केंद्र से स्पर्श रेखाओं की रचना कीजिए।
6. माना ABC एक समकोण त्रिभुज है, जिसमें AB = 6 cm, BC = 8 cm तथा $\angle B = 90^\circ$ है। B से AC पर BD लंब है। बिंदुओं B, C, D से होकर जाने वाला एक वृत्त खींचा गया है। A से इस वृत्त पर स्पर्श रेखा की रचना कीजिए।
7. किसी चूड़ी की सहायता से एक वृत्त खींचिए। वृत्त के बाहर एक बिंदु लीजिए। इस बिंदु से वृत्त पर स्पर्श रेखाओं की रचना कीजिए।

## 11.4 सारांश

इस अध्याय में, आपने देखा है कि निम्न रचनाएँ किस प्रकार की जाती हैं :

1. एक रेखाखंड को एक दिए गए अनुपात में विभाजित करना।
2. एक दिए गए त्रिभुज के समरूप त्रिभुज की रचना करना जबकि स्केल गुणक दिया गया हो (स्केल गुणक एक से कम या एक से अधिक हो सकता है)।
3. किसी बाह्य बिंदु से किसी वृत्त पर एक स्पर्श रेखा युग्म की रचना करना।

### पाठकों के लिए विशेष

रचना 11.2 के उदाहरणों 1 तथा 2 के चरणों का अनुसरण करते हुए, एक दिये हुए चतुर्भुज (या बहुभुज) के समरूप अन्य चतुर्भुज (या बहुभुज) की, दिये हुए स्केल गुणक के अनुसार, रचना की जा सकती है।

© NCERT not to be republished

